# उद्योगों को एआई अपनाने का दिया रोडमैप

**कोलकाता, 21 जुलाई (नि.प्र.)।** कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पार्क होटल में –एआई फॉर बिजनेस: फ्रॉम अवेयरनेस टू एक्शन विषय पर एक विशेष पैनल परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रमुख दिग्गजों, वित्तीय विशेषज्ञों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने भाग लिया और इस बात पर मंथन किया कि व्यवसाय किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके अपनी कार्यकुशलता बढ़ा सकते हैं, डिजिटल सुरक्षा मजबूत कर सकते हैं और विकास को गति दे सकते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनंत सहरिया ने कहा, –एआई अब भविष्य की तकनीक नहीं, बल्कि वर्तमान की व्यावसायिक




आवश्यकता बन चुकी है। आज सवाल यह नहीं है कि व्यापार को –एआई अपनाना चाहिए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे सही, जिम्मेदार और स्थायी मूल्य बनाने वाले तरीके से कैसे लागू किया जाए। फ्यूचर टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन श्रीश अग्रवाल ने कहा कि –एआई ऑटोमेशन और जनरेटिव –एआई के माध्यम से व्यवसायों की उत्पादकता बढ़ा सकता है और लागत में कटौती कर सकता है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के क्लस्टर हेड जय प्रसाद ने बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी रोकने, जोखिम के मूल्यांकन और सुरक्षा तंत्र में –एआई के महत्व पर प्रकाश डाला। मल्टीटेक सॉल्यूशंस के पार्टनर आदित्य विक्रम झुनझुनवाला ने –एआई को लागू करने में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और डेटा तैयारी के साथ–साथ कर्मचारियों के कौशल विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग झुनझुनवाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि चैंबर उद्योगों को डिजिटल युग में आगे बढ़ाने के लिए लगातार मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।